**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**08.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**महिला दिवस**

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है– **महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई।** यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर आज देशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में एक समारोह में शामिल होंगी। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय आज कर्तव्य–पथ पर अलग–अलग क्षेत्र की महिलाओं के साथ शक्ति वॉक का आयोजन कर रहा है।

---

**राष्ट्रपति – महिला दिवस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के साथ नेतृत्व कर रही है। इससे समृद्ध समाज सशक्त हो रहा है। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने का आग्रह किया, जहां प्रत्येक महिला को गरिमा, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ समान अवसर प्राप्त हों।

---

**महिला दिवस कार्यक्रम**

इधर प्रदेश में भी आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू नाहन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग, युवा सेवाएं व खेल विभाग, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा राज्य विद्युत बोर्ड की लगभग 190 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यस करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला व बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इधर शिमला में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय और प्रदेश सरकार के खेल व युवा सेवा विभाग के सहयोग से महिलाओं के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें तीन श्रेणियों अंडर 13, 13 से 18 और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों व महिलाओं ने सौ, दो सौ और चार सौ मीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। मेरा युवा भारत शिमला के उप निदेशक विपिन कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं के लिए देश भर में इस तरह की दौड़ का आयोजन किया गया है। दौड़ में विजेता रहनी वाली युवतियों और महिलाओं को ट्रॉफी और मैडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

---

## सड़क सुरक्षा कार्यशाला

परिवहन विभाग की लीड एजेंसी रोड सेफ्टी सेल द्वारा आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी के सहयोग से डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में कल राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। निदेशक परिवहन नीरज कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला के दौरान आईआईटी मद्रास की टीम द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं, पहाड़ी क्षेत्रों की सड़कों में सुरक्षा के लिए रणनीतियों तथा सुरक्षित सड़कों के लिए नवाचारों और फ्रेमवर्क पर महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में हिमाचल के लिए सड़क सुरक्षा के ड्राफ्ट विजन पर भी चर्चा की गई।

-----------------------------------------------------------------

## राऊलाने पर्व

किन्नौर जिला के ऐतिहासिक गांव कल्पा में पांच दिनों तक चलने वाला पारंपरिक राऊलाने पर्व इन दिनों उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अनोखे लोक उत्सव को देखने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय लोगों के साथ–साथ बाहर से आए पर्यटक भी इस सांस्कृतिक पर्व के साक्षी बन रहे हैं और किन्नौर की समृद्ध परंपराओं को करीब से देख रहे हैं।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता :**

**इस पर्व का मुख्य आकर्षण किन्नौरी वेशभूषा में सुसज्जित राऊला और राऊलाने होते हैं, जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर लोकनृत्य प्रस्तुत करते हैं। मान्यता है कि यह नृत्य साऊनी (परियों) को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। इस अद्वितीय परंपरा को देखने के लिए आने वाले पर्यटक स्थानीय संस्कृति, रीति–रिवाज और लोक कला से भी रूबरू हो रहे हैं, जिससे किन्नौर की सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान मिल रही है। वहीं पर्व में मुखौटा पहनकर आने वाले बेहरूपिए, जिन्हें स्थानीय भाषा में जाङग पुदलु कहा जाता है, अपने अलग–अलग हाव–भाव और अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। उनके अभिनय के माध्यम से सामाजिक संदेश और जन जागरूकता भी दी जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ये पात्र बुरी शक्तियों से रक्षा का प्रतीक माने जाते हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी आयोजन के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए डीडीएमए किन्नौर तथा पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, ताकि पर्यटक और स्थानीय लोग इस पर्व का सुरक्षित और आनंदपूर्ण अनुभव कर सकें। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मैं सुमेश नेगी।**

-----------------------------------------------------------------

## बी.पी.एल

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बी.पी.एल. परिवारों के निर्धारण संबंधी दिशा–निर्देशों में संशोधन किया गया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि संशोधित प्रावधान के अनुसार अब ऐसे परिवार भी बी.पी.एल. सूची में शामिल किए जा सकेंगे, जिनके सभी वयस्क सदस्यों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत कम से कम 50 दिन कार्य किया गया हो।

-----------------------------------------------------------------

## टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड की टीम दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

भारत ने रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।

-----------------------------------------------------------------